## —: टीप एवं आख्याएं :—

**जिलाधिकारी महोदय,**

कृपया जल जीवन मिशन कार्यक्रम "हर घर नल" उपलब्ध कराने के क्रम में पेयजल योजनाओं के निर्माण हेतु सूचीबद्ध फर्म मेसर्स मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो एवं मेसर्स दारा इंजीनियरिंग द्वारा जनपद–बलरामपुर में पाइप पेयजल योजना के कार्यों की प्रगति के सम्बन्ध में दिनांक 24.03.2025 को जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की आयोजित बैठक की कार्यवृत्त का पत्रालेख पत्रावली में दायीं ओर रक्षित है।

कृपया सहमति की दशा में हस्ताक्षर करना चाहें।

अधिशासी अभियन्ता,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
बलरामपुर।

CamScanner

**जल जीवन मिशन–"हर घर नल से जल योजना" के अन्तर्गत दिनांक 24.03.2025 को जिलाधिकारी महोदय, बलरामपुर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।**

जल जीवन मिशन कार्यक्रम–"हर घर नल से जल योजना" के अन्तर्गत जनपद–बलरामपुर में नामित एजेन्सी– मे. लारसेन एण्ड टूब्रो चेन्नई एवं मेसर्स दारा इन्जीनियरिंग इको प्रोटेक्शन(जे0वी0) द्वारा पाइप पेयजल योजना के कार्यों की प्रगति के सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदय, बलरामपुर की अध्यक्षता में दिनांक 24.03.2025 को जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक जिलाधिकारी कार्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार, बलरामपुर में आयोजित की गई। जिसमें समिति के निम्नलिखित सदस्यों एवं नामित एजेन्सी के प्रतिनिधि द्वारा प्रतिभाग किया गया।

1. जिला पंचायती राज अधिकारी, बलरामपुर।
2. अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), बलरामपुर।
3. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जनपद–बलरामपुर।
4. परियोजना प्रबन्धक मे0 लारसेन एण्ड टूब्रो, बलरामपुर।
5. उप परियोजना प्रबन्धक, मे0 दारा इंजीनियरिंग, बलरामपुर।
6. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, बलरामपुर।
7. टीम लीडर, मे0 सेन्सिस टेक लि.(टी.पी.आई.), देवीपाटन क्लस्टर, गोण्डा।
8. डिप्टी टीम लीडर, मे0 सेन्सिस टेक लि.(टी.पी.आई.), बलरामपुर।

सदस्य सचिव द्वारा जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति द्वारा जनपद–बलरामपुर हेतु नामित एजेन्सी–मेसर्स दारा इको प्रोटेक्शन(जे0वी0) एवं मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो, चेन्नई द्वारा पाइप पेयजल योजनाओं के निर्माण कार्यों की प्रगति के सम्बन्ध में पी0पी0टी0 के माध्यम से अवगत कराया गया।

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि कार्यदायी संस्था मेसर्स दारा इको प्रोटेक्शन(जे0वी0) द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यों की प्रगति अत्यन्त ही धीमी है। विभागीय सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर द्वारा कराये जा रहे कार्यों की जांच करायी गयी जिसमें पाया गया कि आवंटित 430 नग पाइप पेयजल योजनाओं में 280 नग योजनाओं पर कार्य बन्द पाया गया। मात्र 154 नग योजनाओं पर ओ0एच0टी0 का कार्य प्रगति पर है। 57 नग योजनाओं पर ओ0एच0टी0 से जलापूर्ति की जा रही है। 27 नग ओ0एच0टी0 पर फाउण्डेशन कार्य हेतु खुदाई करके छोड दिया गया है। कार्यदायी संस्था को ओ0एच0टी0 के कार्य हेतु कुल 800 मैनपावर की आवश्यकता है, जिसके सापेक्ष मात्र 216 मैनपावर ही उपलब्ध है। फर्म द्वारा रोड रेस्टोरेशन हेतु कुल मैनपावर लगभग 240 की आवश्यकता है जिसके सापेक्ष मात्र 57 मैनपावर ही उपलब्ध है। जिससे ओ0एच0टी0 एवं रोड रेस्टोरेशन के कार्यों में प्रगति नहीं मिल पा रही है। 430 नग ट्यूबवेल के सापेक्ष 360 नग ट्यूबवेल का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। शेष 70 नग ट्यूबवेल का कार्य प्रगति पर है। 430 नग पम्प हाउस के सापेक्ष 273 नग पम्प हाउस निर्माण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शेष 157 नग पम्प हाउस निर्माण का कार्य प्रगति पर है। कार्यदायी संस्था को आवंटित 430 नग योजनाओं के सापेक्ष 254 नग सोलर पैनल अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण कर 91 नग सोलर पैनल संचालित है। शेष 176 नग सोलर पैनल अधिष्ठान का कार्य प्रगति पर है। पाइप लाइन की कुल लम्बाई 4558 कि0मी0 के सापेक्ष 4516 कि0मी0 बिछाये जाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। शेष 42 कि0मी0 पाइप लाइन बिछाने का कार्य प्रगति पर है। 177424 नग गृह जल संयोजन के सापेक्ष 165410 नग पेयजल कनेक्शन लाभार्थियों को प्रदान किया गया है। कार्यदायी संस्था द्वारा 595 नग राजस्व ग्रामों के सापेक्ष मात्र 102 नग राजस्व ग्रामों में शत प्रतिशत "हर घर जल" प्रमाणीकरण रिपोर्टिंग कर 63 नग राजस्व ग्राम को "हर घर जल" प्रमाणित किया गया है। फर्म 134 नग राजस्व ग्रामों में शत प्रतिशत मार्गों के पुनर्स्थापना/मरम्मत का कार्य किया गया है।

सदस्य सचिव द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि कार्यदायी संस्था मेसर्स दारा इको प्रोटेक्शन(जे0वी0) को बार–बार पाइप पेयजल योजनाओं के कार्यों में अपेक्षित प्रगति लाने हेतु निर्देशित किया जा रहा है, परन्तु फर्म द्वारा अभी तक किसी प्रकार का कोई अपेक्षित सुधार नहीं लाया जा सका है। उक्त के क्रम में सदस्य सचिव द्वारा फर्म द्वारा कराये जा रहे कार्यों की धीमी प्रगति के सम्बन्ध में खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) बलरामपुर के कार्यालय पत्रांकः 474/फेज–3/54 दिनांकः 05.03.2025 के द्वारा अधिशासी निदेशक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ को पत्र प्रेषित किया जा चुका है।

CamScanner

निर्देश:

जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म मे. दारा इको प्रोटेक्शन जे0वी0 के निर्माण कार्यों पर धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए उप परियोजना प्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि ओ0एच0टी0 के कार्यों में अपेक्षित प्रगति लाने हेतु तत्काल आवश्यक मैनपावर की वृद्धि की जाए। साथ ही ओ0एच0टी0 के कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रत्येक सप्ताह अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध करायी जा जाए। निर्देशित किया गया कि जिन योजनाओं पर ट्यूबवेल का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण हो गया वहां माह के अन्त तक हर हाल में जलापूर्ति कराया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही जिन गांवों में पाइप लाइन बिछाने हेतु सड़कों को तोड़ा/काटा गया है, वहां मानक एवं गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए रोड रेस्टोरेशन का कार्य कराया जाए।

कार्यवाही– उप परियोजना प्रबंधक, मेसर्स मेसर्स दारा इको प्रोटेक्शन जे0वी0।

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि कार्यदायी संस्था मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो लि0 को आवंटित 199 नग पाइप पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 112 नग योजनाओं पर ओ0एच0टी0 का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शेष 87 नग योजनाओं पर ओ0एच0टी0 का कार्य प्रगति पर है। कार्यदायी संस्था द्वारा 199 नग ट्यूबवेल का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। 199 नग पम्प हाउस के सापेक्ष 182 नग पम्प हाउस निर्माण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शेष 17 नग पम्प हाउस निर्माण का कार्य प्रगति पर है। कार्यदायी संस्था को आवंटित 199 नग योजनाओं के सापेक्ष 185 नग सोलर पैनल अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण कर 80 नग सोलर पैनल संचालित है। शेष 14 नग सोलर पैनल अधिष्ठान का कार्य प्रगति पर है। पम्प हाउस एवं सोलर पैनल अधिष्ठापन के कार्य में पिछली बैठक के सापेक्ष वर्तमान तक कोई प्रगति नहीं है। पाइप लाइन की कुल लम्बाई 2103 कि0मी0 के सापेक्ष 2097 कि0मी0 बिछाये जाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। शेष 6 कि0मी0 पाइप लाइन बिछाने का कार्य प्रगति पर है। 109694 नग गृह जल संयोजन के सापेक्ष 84327 नग पेयजल कनेक्शन लाभार्थियों को प्रदान किया गया है। कार्यदायी संस्था द्वारा 295 नग राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 161 नग राजस्व ग्रामों में शत प्रतिशत "हर घर जल" प्रमाणीकरण रिपोर्टिंग कर 128 नग राजस्व ग्राम को "हर घर जल" प्रमाणित किया गया है। फर्म 122 नग राजस्व ग्रामों में शत प्रतिशत मार्गों के पुनर्स्थापना/मरम्मत का कार्य किया गया है। 92 नग पाइप पेयजल योजनाओं में ओ0एच0टी0 के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है।

सदस्य सचिव द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि कार्यदायी संस्था मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो लि0 द्वारा ओ0एच0टी0 के कार्य हेतु अपेक्षित मैनपावर की कमी के कारण ओ0एच0टी0 निर्माण में अपेक्षित प्रगति नहीं हो पा रही है। फर्म द्वारा जिन ग्रामों में पाइप लाइन बिछाने के दौरान काटी/तोड़ी गयी सड़कों का कार्य कराया गया है वहां कुछ स्थानों पर सड़क का सेटेलमेंट हुआ है, उन स्थानों पर पुनः मरम्मत किये जाने की आवश्यकता है। कई ग्राम पंचायतों में जलापूर्ति के दौरान जगह–जगह लीकेज की भी समस्या आ रही है।

निर्देश:

जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म मे. लारसेन एण्ड टूब्रो, के परियोजना प्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि अवशेष 87 नग योजनाओं के ओ0एच0टी0 पर कार्य हेतु पर्याप्त मैनपावर की वृद्धि करते हुए निर्धारित अवधि में कार्य पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही तोड़ी/काटी गयी सड़कों के पुनर्स्थापना/मरम्मत का कार्य गुणवत्तापूर्वक कराया जाना सुनिश्चित करें।

कार्यवाही– परियोजना प्रबंधक, मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो।

निर्देश:

जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि दोनों कार्यदायी संस्थाओं द्वारा जिन ग्रामों में शत प्रतिशत रोड रेस्टोरेशन का कार्य किया गया है। उक्त कार्य की सूची प्राप्त करते हुए टीम के माध्यम से मानक एवं गुणवत्ता की जांच कराते हुए अगली बैठक में रिपोर्ट प्रस्तुत करें। साथ ही जिन पाइप पेयजल योजनाओं से नियमित जलापूर्ति की जा रही है, वहां क्लोरीनेशन के उपरान्त ही जलापूर्ति की जांच कराते हुए रिपोर्ट उपलब्ध करायें।

कार्यवाही– जनपदीय टीम लीडर, मे0 सेन्सिस टेक लि., (टी.पी.आई.)

बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

(संदीप सिंह)
अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,

CamScanner

अधिशासी अभियन्ता भूगर्भ जल
(सदस्य)
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
बलरामपुर।

बलरामपुर।

जिला कृषि अधिकारी
(सदस्य)
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
बलरामपुर।

प्रभागीय वन अधिकारी
(सदस्य)
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
बलरामपुर।

जिला पंचायती राज अधिकारी
(सदस्य)
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
बलरामपुर।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
(सदस्य)
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
बलरामपुर।

जिलाधिकारी,
(अध्यक्ष)
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
बलरामपुर।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) बलरामपुर।**

पत्रांक : 601 /2510-1 /282 दिनांक– 2/4/2025

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रबन्ध निदेशक, उ.प्र. जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ।
3. अधीक्षण अभियन्ता, देवीपाटन मण्डल, उ.प्र. जल निगम, गोण्डा।
4. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बलरामपुर।
5. समस्त उप जिलाधिकारी, बलरामपुर।
6. परियोजना प्रबन्धक, मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो, बलरामपुर।
7. परियोजना प्रबन्धक, मेसर्स दारा इन्जीनियरिंग जे0वी0 इको प्रोटेक्शन, बलरामपुर।
8. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, बलरामपुर।

अधिशासी अभियन्ता

CamScanner